राष्ट्रीय बाल भवन
कोटला रोड, नई दिल्ली

निदेशक के व्यक्तिगत सहायक तथा कार्यालय सहायक के पद के लिये
प्रतिनियुक्ति के आधार पर आवेदन आमन्त्रित करने के लिये सूचना

निदेशक के व्यक्तिगत सहायक (संख्या 1) एवं कार्यालय सहायक (संख्या 2) (दोनों ही पदों का वेतन बैण्ड रू.9300–34800+ग्रेड वेतन 4200/–) 3 वर्ष की अवधि के लिये प्रतिनियुक्ति के आधार पर इन पदों को भरने के लिये उचित माध्यम से उपयुक्त उम्मीदवारों को आमन्त्रित किया जाता है।

कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र के साथ सतर्कता निर्मुक्ति प्रमाण पत्र तथा गत 5 वर्षों की वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्टों की सत्यापित प्रतियां संलग्न होनी चाहिए।

उम्मीदवार के आवेदन पत्र अग्रेषित करते समय संबंधित सक्षम प्राधिकारीगण कृपया यह सुनिश्चित कर लें कि उक्त पदो के लिये उम्मीदवार का चयन हो जाने पर उसे कार्यमुक्त कर दिया जाएगा। निदेशक, राष्ट्रीय बाल भवन के पास किसी अथवा सभी आवेदन पत्रों को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है। आवेदन पत्र के लिफाफे पर आवेदित पद का नाम स्पष्ट रूप से अंकित किया जाना चाहिए। पदों तथा पात्रता संबंधी शर्तों का ब्यौरा निम्नानुसार हैः–

| | |
|---|---|
| 1. पद का नाम | निदेशक के व्यक्तिगत सहायक |
| 2. पद की संख्या | एक |
| 3. वर्गीकरण | केन्द्र सरकार में समूह 'ग' |
| 4. वेतन बैण्ड+ग्रेड वेतन | रू.9300–34800+ग्रेड वेतन 4200/– |
| 5. आयु–सीमा | प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन पत्र प्राप्ति की अन्तिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं। |
| 6. अपेक्षित योग्यता एवं अनुभव | कर्मचारी केन्द्र सरकार के अन्तर्गत आशुलिपिक (अंग्रेजी) के पद पर कार्यरत होना चाहिए।<br>1. आवेदक मूल कार्यालय अथवा विभाग में नियमित आधार पर समान वेतनमान व समान पद धारक हों।<br>2. आवेदक ने रू.2400 अथवा समान ग्रेड वेतन के साथ वेतन बैण्ड 1 में दस वर्ष की नियमित सेवावधि पूरी कर ली हो।<br>3. अंग्रेजी आशुलिपि की गति 120 शब्द प्रति मिनट हो।<br>4. अंग्रेजी में टाइपिंग की गति 40 शब्द प्रति मिनट हो। |
| 7. अन्य शर्तें | 1. फीडर श्रेणी में ऐसे विभागीय अधिकारी जो पदोन्नति की प्रत्यक्ष |

| | |
|---|---|
| | पंक्ति में है, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति हेतु विचारणीय पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार, पदोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति हेतु विचाराणीय नहीं है।<br><br>2. प्रतिनियुक्ति की अवधि केन्द्र सरकार के एक अथवा अन्य संगठन अथवा विभाग में इस नियुक्ति से तत्काल पूर्व किसी पूर्व संवर्ग पद पर प्रतिनियुक्ति सहित समयावधि साधारतः तीन वर्षों से अधिक नहीं होगी। |

| | |
|---|---|
| 1. पद का नाम | कार्यालय सहायक |
| 2. पद की संख्या | दो |
| 3. श्रेणी | केन्द्र सरकार में समूह 'ग' |
| 4. वेतन बैण्ड+ग्रेड वेतन | रू.9300–34800+ग्रेड वेतन 4200/– |
| 5. शैक्षिक एवं अन्य अपेक्षित योग्यतायें | – स्नातक उपाधि अथवा केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कोई योग्यता<br>– कम्प्यूटर ज्ञान में दक्षता |
| 6. क्या पदोन्नति मामले में सीधी भर्ती के लिए आयु अथवा शैक्षिक योग्यता निर्धारित हैं ? | प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन पत्र प्राप्ति की अन्तिम तिथि के दिन 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। |
| 7. अपेक्षित अन्य योग्यता/ अनुभव | 1. आवेदक नियुक्ति आधार पर समान वेतन व समान पद पर कार्यरत हो। उच्च श्रेणी लिपिक के रूप में न्यूनतम 8 वर्ष की नियमित सेवा।<br>2. स्वायत्त शासी निकायों से संबंधित भारत सरकार के नियमों का ज्ञान।<br>3. अंग्रेजी और हिन्दी का अच्छा ज्ञान। |
| 8. अन्य शर्तें | 1. फीडर श्रेणी में ऐसे विभागीय अधिकारी जो पदोन्नति की प्रत्यक्ष पंक्ति में है, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति हेतु विचारणीय पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार, पदोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति हेतु विचाराणीय नहीं है।<br><br>2. प्रतिनियुक्ति की अवधि केन्द्र सरकार के एक अथवा अन्य संगठन अथवा विभाग में इस नियुक्ति से तत्काल पूर्व किसी पूर्व संवर्ग पद पर प्रतिनियुक्ति सहित समयावधि साधारतः तीन वर्षों से अधिक नहीं होगी। |

# आवेदन पत्र फार्म

| | | |
|---|---|---|
| 1. आवेदित पद | : | |
| 2. नाम (स्पष्ट अक्षरों में) | : | |
| 3. जन्म तिथि | : | |
| 4. अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्ति की तिथि | : | |
| 5. आवासीय पता, दूरभाष सं. व ई–मेल पता | : | |
| 6. कार्यालय का पता, दूरभाष सं. व ई–मेल पता | : | |
| 7. शैक्षिक योग्यता | : | |
| 8. सरकारी सेवा में नियुक्ति की तिथि | : | |
| 9. वर्तमान पद पर नियुक्ति की तिथि, वेतन बैण्ड+ग्रेड वेतन तथा क्या स्थापन्न अथवा नियमित हैं। | : | |

| | | |
|---|---|---|
| 10. वर्तमान पद का नाम एवं पे–बैण्ड+ग्रेड वेतन एवं मूल वेतन | : | |
| 11. अनुभव एवं सेवा का ब्यौरा | : | |

| क्र.सं. | नियोक्ता का नाम | पद का नाम | | वेतन बैण्ड+ग्रेड वेतन तथा पद व पद का वर्गीकरण | क्या नियमित/ प्रतिनियुक्ति तदर्थ आधार पर है | सम्पन्न किये गये कार्य/ ड्यूटी का स्वरूप |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अवधि | | | | |
| | | से | तक | | | |
| | | | | | | |

12. आवेदन पत्र के साथ प्रमाणपत्र/दस्तावेजों की प्रतियां संलग्न करें।

(क) आयु का प्रमाण
(ख) योग्यता का प्रमाण
(ग) अनुभव का प्रमाण
(घ) आयु सीमा में छूट, यदि कोई हो, का दस्तावेजी प्रमाण

मैं अभिज्ञान एवं एतद् द्वारा वचन देता हूं कि आवेदित पद पर मेरा चयन हो जाने की स्थिति में मैं अपनी उम्मीदवारी वापस नहीं लूंगा अथवा दिए गए पद से इंकार नहीं करूंगा।

(उम्मीदवार के हस्ताक्षर एवं तिथि)

### विभाग द्वारा दिए जाने वाला प्रमाणपत्र

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती .................................................................................. द्वारा दिए गए ब्यौरे का सत्यापन किया गया है और कार्यालय रिकार्ड के अनुसार यह सही है। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि संबंधित कर्मचारी के विरूद्ध कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही/ सतर्कता मामला लम्बित अथवा विचाराधीन नहीं है। कर्मचारी की निष्ठा भी प्रमाणित है।

(कार्यालय के विभागाध्यक्ष के हस्ताक्षर)
पदनाम व मोहर